# अध्ययन यात्रा में मदन मोहन मालवीय के जीवन दर्शन की ली जानकारी

जागरण संवाददाता, कोन (सोनभद्र) : पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज कोन के विद्यार्थियों की अध्ययन यात्रा बुधवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी कैंपस, बरकच्छा कला (मीरजापुर) में संपन्न हुई। यात्रा का नेतृत्व प्रभारी प्रधानाचार्य शिशिर कुमार एवं यात्रा प्रभारी रामभगवत पटेल ने किया। विद्यालय से निकली इस अध्ययन यात्रा को डीआइओएस जयराम सिंह ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। विश्वविद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों ने दक्षिणी कैंपस के विभिन्न संकायों का अवलोकन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक से आए पूर्व नेवी अधिकारी संतोष उपाध्याय ने विद्यार्थियों को पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन दर्शन, विश्वविद्यालय की स्थापना के उद्देश्य एवं यहां उपलब्ध विभिन्न विषयों के अध्ययन संकायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएचयू में प्रतिभाशाली किंतु आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए अनेक छात्रवृत्ति व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे गरीबी शिक्षा में बाधा नहीं बनती। इस दौरान शिक्षक सूर्यकांत कुशवाहा, आशीष कुमार सिंह, लाल मोहम्मद, नीरज कुमार सिंह, अनुराग सिंह यादव, अरविंद कुमार, श्रीकांत, बजरंगी लाल गुप्ता, बिनोद कुमार, राजबली सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

Scanned with OKEN Scanner